**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2308**
**13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन**

**†2308. श्री अनन्त नायकः**
**श्री पी. पी. चौधरीः**
**श्री आलोक शर्माः**
**श्री विजय कुमार दूबेः**
**श्री रमेश अवस्थीः**
**श्री प्रदीप कुमार सिंहःs**
**श्री प्रवीण पटेलः**
**श्री मनोज तिवारीः**
**श्रीमती विजयलक्ष्मी देवीः**
**डॉ. मन्ना लाल रावतः**
**श्री भोजराज नागः**
**श्रीमती संजना जाटवः**
**श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ः**
**श्री तापिर गावः**
**श्रीमती स्मिता उदय वाघः**
**श्री जगदम्बिका पालः**
**श्रीमती अपराजिता सारंगीः**
**श्री गोडम नागेशः**
**श्री बलभद्र माझीः**
**डॉ. निशिकान्त दुबेः**
**डॉ. भोला सिंहः**
**श्री मनीष जायसवालः**
**श्री दामोदर अग्रवालः**
**श्री अनिल फिरोजियाः**
**श्री विजय बघेलः**
**श्री काली चरण सिंहः**
**श्री चन्द्र प्रकाश जोशीः**
**डॉ. हेमंत विष्णु सवराः**
**श्री नव चरण माझीः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के अंतर्गत दिसंबर 2025 तक सिकल सेल रोग (एससीडी) के लिए जांच किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार एवं जिलावार कितनी है;

(ख) उक्त जांचों के आधार पर क्रमशः "वाहक" (सिकल सेल लक्षण) और "रोगी" (सिकल सेल रोग) के रूप में पहचाने गए व्यक्तियों की संख्या राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार एवं जिलावार कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने वर्ष 2025 के अंत तक सात करोड़ व्यक्तियों की जांच का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और जिन व्यक्तियों को सिकल सेल आनुवंशिक स्थिति कार्ड जारी किए गए हैं उनकी राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार एवं जिलावार संख्या कितनी है;

(घ) दिसंबर 2025 तक सत्रह उच्च प्रसार वाले राज्यों में उक्त रोग के उपचार के लिए पूर्णतः कार्यरत उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) की संख्या, राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार कितनी है;

(ङ) दिसंबर 2025 तक जनजाति बहुल जिलों में प्वाइंट-ऑफ-केयर (पीओसी) परीक्षण किटों की खरीद के लिए सरकार द्वारा जिलावार प्रदान की गई कुल वित्तीय सहायता कितनी है; और

(च) स्क्रीनिंग कवरेज, रेफरल सुविधाओं और उपचार सेवाओं की उपलब्धता में राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार कितनी प्रगति हुई है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (च): राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन (एनएससीएईएम) के अंतर्गत, प्रभावित 17 जनजातीय राज्यों में जिला अस्पतालों (डीएच) से लेकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) स्तर तक के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में 0-40 वर्ष के लक्षित आयु वर्ग के व्यक्तियों की सिकल सेल रोग (एससीडी) के निदान हेतु जांच की जाती है। सिकल सेल रोग पोर्टल के अनुसार, दिनांक 03.02.2026 की स्थिति के अनुसार, देश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में 6.83 करोड़ से अधिक व्यक्तियों की जांच की गई है। दिनांक 03.02.2026 की स्थिति के अनुसार, कुल 2,37,981 व्यक्तियों को रोगग्रस्त और 19,32,500 व्यक्तियों को सिकल सेल रोग का वाहक पाया गया है। दिनांक 03.02.2026 तक की स्थिति के अनुसार, राज्य-वार जांच किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या, "वाहक" और "रोगी" के रूप में चिन्हित व्यक्तियों की संख्या और वितरित किए गए आनुवंशिक स्थिति कार्डों की संख्या अनुलग्नक-**I** में दी गई है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने विभिन्न राज्यों में जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित सिकल सेल रोग संबंधी उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) की स्थापना हेतु लागत मानदंड तैयार किए हैं। जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 15 राज्यों में 17 उत्कृष्टता केंद्रों को अनुमोदित किया गया है। उत्कृष्टता केंद्रों का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक-II** में संलग्न है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत देश में वित्तीय वर्ष 2022-23 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक रक्त विकारों की जांच के लिए राज्य कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (एसपीआईपी) की स्वीकृतियां निम्नानुसार हैं:

**(लाख रु.में)**

| वित्तीय वर्ष | अखिल भारतीय |
|---|---|
| 2022-23 | 28,991.84 |
| 2023-24 | 44,855.32 |
| 2024-25 | 44,754.53 |
| 2025-26 | 53,904.10 |

आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से सिकल सेल रोग से पीड़ित रोगियों को उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु निम्नलिखित सेवाएं/सुविधाएं प्रदान की जाती हैं:

- रोगग्रस्त व्यक्तियों की नियमित अंतराल पर निगरानी।

• जीवनशैली प्रबंधन, विवाह पूर्व और गर्भावस्था संबंधी निर्णयों के बारे में परामर्श।

• फोलिक एसिड की गोलियों के वितरण के माध्यम से पोषण संबंधी सहायता।

• योग और स्वास्थ्य संबंधी सत्रों का संचालन।

• संकटकालीन लक्षणों का प्रबंधन और उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा केंद्रों में रेफर करना।

दवाओं तक पहुंच की समस्या के समाधान हेतु हाइड्रोक्सीयूरिया को उप-स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी)/शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और डीएच में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की अनिवार्य औषधि सूची में शामिल किया गया है। यह मंत्रालय एनएचएम के अंतर्गत प्राप्त पीआईपी प्रस्तावों के आधार पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सिकल सेल एनीमिया की जांच और औषधि के प्रापण हेतु तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

दिनांक 13 फरवरी, 2026 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2308 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

अनुलग्नक-I

दिनांक 03.02.2026 की स्थिति के अनुसार, राज्य-वार कुल जांच किए गए व्यक्तियों की संख्या, "वाहक" और "रोगी" के रूप में चिन्हित व्यक्तियों की संख्या और वितरित किए गए आनुवंशिक स्थिति कार्डों की संख्या।

| **क्र.सं.** | **राज्य का नाम** | की गई कुल जांचें | वाहक की संख्या | रोगग्रस्त व्यक्तियों की संख्या | **वितरित किए गए आनुवंशिक स्थिति कार्डों की संख्या** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छत्तीसगढ | 1,70,30,846 | 3,38,774 | 27,600 | 1,02,90,081 |
| 2 | मध्य प्रदेश | 1,29,92,449 | 2,37,473 | 37,885 | 1,13,61,858 |
| 3 | महाराष्ट्र | 93,79,701 | 2,06,967 | 27,719 | 21,46,504 |
| 4 | गुजरात | 80,05,852 | 5,41,088 | 30,883 | 79,15,506 |
| 5 | ओडिशा | 60,83,323 | 5,43,015 | 1,01,865 | 30,05,123 |
| 6 | राजस्थान | 37,06,689 | 8,453 | 2,885 | 17,11,440 |
| 7 | झारखंड | 27,83,758 | 3,888 | 2,314 | 2,943 |
| 8 | पश्चिम बंगाल | 24,81,557 | 3,697 | 890 | 381 |
| 9 | आंध्र प्रदेश | 14,79,777 | 21,679 | 2,272 | 4,78,186 |
| 10 | असम | 11,72,328 | 1,522 | 330 | 1,34,982 |
| 11 | तेलंगाना | 11,27,762 | 7,445 | 568 | 4,44,393 |
| 12 | उत्तर प्रदेश | 7,64,879 | 86 | 38 | 4,41,639 |
| 13 | तमिलनाडु | 4,40,276 | 8,685 | 656 | 3,98,385 |
| 14 | कर्नाटक | 3,55,449 | 4,543 | 578 | 4,241 |
| 15 | बिहार | 2,40,331 | 1 | 9 | 63 |
| 16 | उत्तराखंड | 1,53,668 | 69 | 6 | 1,51,507 |
| 17 | केरल | 1,77,314 | 5,115 | 1,483 | 20,234 |
| | **कुल** | **6,83,75,959** | **19,32,500** | **2,37,981** | **3,85,07,466** |

दिनांक 13 फरवरी, 2026 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2308 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

**अनुलग्नक-II**

**स्थापित उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) का राज्य-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य | संस्था का नाम |
|---|---|---|
| 1 | तेलंगाना | निज़ाम्स इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस |
| 2 | उत्तराखंड | एम्स ऋषिकेश, उत्तराखंड |
| 3 | केरल | कोझिकोड मेडिकल कॉलेज, केरल |
| 4 | आंध्र प्रदेश | किंग जॉर्ज हॉस्पिटल, विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश |
| 5 | झारखंड | एम्स देवघर |
| 6 | महाराष्ट्र | एम्स नागपुर |
| 7 | छत्तीसगढ | एम्स रायपुर |
| 8 | कर्नाटक | मैसूर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, कर्नाटक |
| 9 | मध्य प्रदेश | एमजीएम मेडिकल कॉलेज, इंदौर |
| 10 | मध्य प्रदेश | भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) |
| 11 | असम | असम मेडिकल कॉलेज, डिब्रूगढ़, असम |
| 12 | गुजरात | न्यू सिविल हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज, सूरत |
| 13 | ओडिशा | एससीबी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, कटक, ओडिशा |
| 14 | राजस्थान | आरएनटी मेडिकल कॉलेज, राजस्थान |
| 15 | तमिलनाडु | इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ एंड हॉस्पिटल फॉर चिल्ड्रन – मद्रास मेडिकल कॉलेज, तमिलनाडु |
| 16. | आंध्र प्रदेश | एम्स मंगलागिरी |
| 17 | पश्चिम बंगाल | एन.आर.एस. मेडिकल कॉलेज |

*****